



# न्यूज़ लेटर
## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

**दिसम्बर-2025**

***अन्दर के पृष्ठों पर........***


- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध


### उत्तर प्रदेश पुलिस झण्डा दिवस कार्यक्रम

- दिनांक 23.11.2025 : पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, श्री आशुतोष पाण्डेय् द्वारा "उत्तर प्रदेश पुलिस झण्डा दिवस" के अवसर पर, उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय पर आयोजित गरिमापूर्ण कार्यक्रम में, उत्तर प्रदेश पुलिस का झण्डा फहराकर झण्डे को सलामी दी गयी।

इस अवसर पर श्री पाण्डेय् द्वारा झण्डे के इतिहास एवं उसकी महत्ता पर प्रकाश डाला गया। श्री पाण्डेय् ने सम्बोधन में 23 नवम्बर 1952 को पुलिस लाइन्स, लखनऊ के परेड ग्राउण्ड में वार्षिक पुलिस परेड के अवसर पर भारत के प्रथम प्रधान मंत्री द्वारा सर्वप्रथम उ0प्र0 पुलिस को "पुलिस ध्वज" प्रदान किये जाने का उल्लेख किया एवं पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश का सन्देश सभी उपस्थित अधिकारियों/ कर्मचारियों को पढ़कर सुनाया।

उ0प्र0 पुलिस पूरे भारत का प्रथम राज्य पुलिस बल है, जिसे पुलिस कलर अर्थात् पुलिस ध्वज सर्वप्रथम प्रदान किया गया है। ध्वज का आकार 4 फिट लम्बा एवं 3 फिट चौड़ा है। यह दो रंगों का है, जिसमें ऊपर लाल रंग एवं नीचे की ओर नीला रंग है, मध्य में उ0प्र0 का प्रतीक चिन्ह है।







## सराहनीय कार्य

- निम्न महानुभावों के भ्रमण हेतु फ्लीट एवं अन्य स्थलों से निर्बाध संचार संचालन हेतु आधुनिक तकनीकी के डिजिटल वायरलेस सेट्स का अधिष्ठापन, ग्रिड अनुशासन का पालन करते हुए एवं अन्य केन्द्रों से भी इसका पालन कराते हुए रीयल टाइम में सूचनाओं का त्वरित एवं स्पष्टतापूर्वक प्रेषण करते हुए प्रत्येक गतिविधि को प्रारम्भ से अन्त तक पूर्ण जिम्मेदारी एवं दक्षता से कुशलतापूर्वक निष्पादित किया गया–

| दिनांक | जनपद |
|---|---|
| मा0 राष्ट्रपति, भारत | |
| 04.11.2025 | बरेली |
| 28.11.2025 | लखनऊ |
| मा0 प्रधानमंत्री, भारत | |
| 07.11.2025 | वाराणसी, कुशीनगर |
| 08.11.2025 | |
| 25.11.2025 | अयोध्या |
| मा0 राज्यपाल, उ0प्र0 | |
| 10-11.11.2025 | सिद्धार्थनगर |
| 13.11.2025 | बरेली |
| 18.11.2025 | उन्नाव |
| 25.11.2025 | अयोध्या |
| मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 | |
| 04-05.11.2025 | गोरखपुर |
| 05-06.11.2025 | वाराणसी, बिहार |
| 07.11.2025 | कुशीनगर, वाराणसी, बिहार |
| 08.11.2025 | कुशीनगर, वाराणसी, गोरखपुर |
| 10-11.11.2025 | गोरखपुर, बलरामपुर |
| 11.11.2025 | बाराबंकी |
| 15.11.2025 | सोनभद्र |
| 17.11.2025 | बस्ती, गोरखपुर |
| 18.11.2025 | अयोध्या |
| 22.11.2025 | प्रयागराज |
| 25.11.2025 | अयोध्या |
| 27.11.2025 | गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, नई दिल्ली |
| 29.11.2025 | महराजगंज, गोरखपुर |

## पुरस्कार

- दिनांक 31.10.2025: कमिश्नरेट, प्रयागराज में थानाक्षेत्र खुल्दाबाद में दिनांक 08/09.07.2025 की रात्रि में अटाला क्षेत्र के बक्शी बाजार, बमवारी की घटना के सम्बन्ध में थाना खुल्दाबाद एवं एसओजी की टीम द्वारा कण्ट्रोलरूम (आईसीसीसी) के सहयोग से वीडियो फुटेज देखकर प्रश्नगत घटना का अनावरण किया गया। इस हेतु पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट प्रयागराज द्वारा रेडियो निरीक्षक, श्री नीरज कुमार, कमिश्नरेट प्रयागराज अतिरिक्त प्रभार रेडियो निरीक्षक, आईसीसीसी, प्रयागराज को नकद धनराशि (रू0 2500/-) से पुरस्कृत किया गया।

## पुलिस रेडियो में ई-ऑफिस का क्रियान्वयन एवं संचालन

- माह जुलाई 2025 से उ0प्र0 पुलिस रेडियो में ई-आफिस प्रणाली का संचालन प्रारम्भ किया गया। डाक प्राप्ति के केन्द्रीकरण हेतु सीआरयू का सृजन किया गया। वर्तमान में बाहय जनपदों/ कार्यालयों/ इकाईयों द्वारा रेडियो मुख्यालय को प्रेषित की जाने वाली समस्त प्रकार की डाक सीआरयू के माध्यम से सम्बन्धित अधिकारीगण/ कार्यालयों को भेजी जा रहीं हैं।

माह नवम्बर/2025 में सीआरयू पर प्राप्त डाक का विवरण निम्नानुसार है– 1. बन्द लिफाफे-680, 2. खुले प्रपत्र-364, 3. सर्वर के माध्यम से प्राप्त ई-मेल-190, इन्ट्रा-आफिस/ रेडियो मेल/ सीआरयू मेल आईडी के माध्यम से प्राप्त ई-मेल/संदेश-803, कुल योग-2037

## रेडियो मुख्यालय द्वारा निर्गत आदेश/निर्देश

- सहायक रेडियो अधिकारी, कार्मिक के पत्र संख्याः जीसी-मिस-3/2025 दिनांक 06.11.2025 के अनुपालन में दिनांक 07.11.2025 को बंकिम चन्द्र चटर्जी द्वारा रचित "राष्ट्रीय गीत" वंदे मातरम के150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दिनांक 07.11.2025 को प्रातः 1000 बजे उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय परिसर में कार्यक्रम सकुशल सम्पन्न कराया गया।

- महानिरीक्षक/निदेशक, पुलिस दूरसंचार, उ0प्र0 के पत्र संख्याः एआरओएम-207/1/2025 दिनांक 17.11.2025 द्वारा श्रीराम मंदिर, जनपद अयोध्या में धर्म-ध्वजा के आरोहण अवसर पर मा0 प्रधानमंत्री, भारत सरकार के दिनांक 25.11.2025 के भ्रमण के दौरान सुदृढ़ संचार व्यवस्था हेतु निम्नानुसार सेट/उपकरण /रेडियो स्टाफ उपलब्ध कराया गया–

**सेट/उपकरण**: 1. स्टैटिक/मोबाइल सेट-191 अदद, 2. हैण्डहैल्ड सेट-515 अदद, 3. 12 वोल्ट हैवी ड्यूटी बैट्री-70 अदद, कोएक्सियल फीडर-30 अदद, जीपी एण्टीना-60 अदद, 0डीबी मैगनेटिक बेस एण्टीना-131 अदद

**रेडियो स्टाफ**: 1. सहायक रेडियो अधिकारी-04, 2. रेडियो निरीक्षक-07, 3. रेडियो उपनिरीक्षक-17, 4. प्रधान परिचालक यांत्रिक-15, 5. प्रधान परिचालक/सहायक परिचालक-72 एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मी-06

- महानिरीक्षक/निदेशक, पुलिस दूरसंचार, उ0प्र0 के पत्र संख्याः एआरओएम-207/1/2025 दिनांक 20.11.2025 द्वारा जनपद अयोध्या में श्रीराम मंदिर पर धर्म-ध्वजा के आरोहण अवसर पर मा0 प्रधानमंत्री, भारत सरकार के दिनांक 25.11.2025 को प्रस्तावित भ्रमण के दौरान सुदृढ़ संचार व्यवस्था हेतु निम्नानुसार राजपत्रित अधिकारियों की ड्यूटियाँ लगायी गयी– 1. श्री मोहन लाल, अपर राज्य रेडियो अधिकारी, बस्ती, 2. श्री मनोज कुमार गुप्ता, सहायक रेडियो अधिकारी, आजमगढ़, 3. श्री सन्नी पासवान, सहायक रेडियो अधिकारी, बस्ती एवं 4. श्री अशोक कुमार शर्मा, सहायक रेडियो अधिकारी/रेडियो निरीक्षक, वाराणसी

- महानिरीक्षक/निदेशक, पुलिस दूरसंचार, उ0प्र0 के पत्र संख्याः एआरओएम-202ए/1/2025 दिनांक 21.11.2025 द्वारा माघ मेला, प्रयागराज के प्रथम चरण में सुदृढ़ संचार व्यवस्था हेतु निम्नानुसार रेडियो स्टाफ उपलब्ध कराया गया– 1. रेडियो निरीक्षक-01, 2. रेडियो उपनिरीक्षक-06, प्रधान परिचालक यॉत्रिक-07, प्रधान परिचालक/ सहायक परिचालक-04, कर्मशाला कर्मचारी-02 एवं संदेशवाहक-02

- महानिरीक्षक/निदेशक, पुलिस दूरसंचार, उ0प्र0 के पत्र संख्याः एआरओएम-202ए/ 1/2025 दिनांक 27.11.2025 द्वारा माघ मेला, प्रयागराज के द्वितीय चरण में सुदृढ़ संचार व्यवस्था हेतु निम्नानुसार रेडियो स्टाफ उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है– 1. रेडियो निरीक्षक-03, 2. रेडियो उपनिरीक्षक-16, प्रधान परिचालक यॉत्रिक-14, प्रधान परिचालक /सहायक परिचालक -43, कर्मशाला कर्मचारी-06 एवं संदेशवाहक-06

- पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के आदेश संख्याः डीपीसी-मिस/2025 दिनांक 27.11.2025 द्वारा "i-GOT" पोर्टल पर पुलिस विभाग के अधिकारियों/ कर्मचारियों के लिए प्रतिभा एवं विशेषज्ञता को बढ़ाने वाले प्रमुख 20 कोर्स चुने गये हैं जिन्हें प्रत्येक अधिकारी/कर्मचारी को अनिवार्य रूप से करना आवश्यक है।

उपरोक्तानुसार, कोर्स पूर्ण करने एवं गूगल फार्म के माध्यम से विवरण उपलब्ध कराये जाने हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

## समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार, नई दिल्ली द्वारा प्रशिक्षण पाठ्यक्रम निर्धारण समिति का गठन

- समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार, नई दिल्ली के आदेश संख्याः A15018/3(O.O.) /2023-Ad-दिनांक 14.11.2025 द्वारा श्री सत्य प्रकाश सिंह, महानिरीक्षक/निदेशक (पुलिस दूरसंचार) की अध्यक्षता में 9 सदस्यीय समिति का गठन किया गया जिसमें समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार, अन्य प्रदेशों के पुलिस अधिकारी, निदेशक, राष्ट्रीय सम्पदा विश्वविद्यायल आदि सम्मिलित किये गये हैं।

उक्त गठित समिति से 'पाठ्यक्रम समिति की आख्या-2019' का परीक्षण कर, अद्यतन संचार प्रणाली, नेटवर्क तकनीकियों एवं तकनीकों को सम्मिलित कर पाठ्यक्रम में सुधार के सम्बन्ध में संस्तुति देने, सम्बन्धित पक्षों से प्राप्त सुझावों को सम्मिलित कर 'मानक संचालन प्रक्रिया' तय करने तथा ड्राफ्ट सभी प्रदेशों, केन्द्र शासित प्रदेशों, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों तथा केन्द्रीय पुलिस संगठनों को उपलब्ध कराकर उनके सुझावों को सम्मिलित कर अन्तिम संस्तुति प्रस्तुत किये जाने की अपेक्षा की गयी है।

## उ0प्र0 पुलिस रेडियो प्रशिक्षण गतिविधियाँ

- उत्तर प्रदेश पुलिस में नवनियुक्त कर्मशाला कर्मचारी एवं सहायक परिचालकगण के क्रमश 04 माह एवं 06 माह के प्रशिक्षण क्रमश 01 सितम्बर 2025 एवं 1 नवम्बर 2025 से प्रारम्भ हुए हैं। इन प्रशिक्षणों में कुल 1329 प्रशिक्षु प्रतिभाग कर करे हैं। प्रत्येक संस्थान एक सहायक रेडियो अधिकारी के पर्यवेक्षण में संचालित किया जा रहा है।




## कमिश्नरेट आगरा स्थापना दिवस

- कमिश्नरेट आगरा का स्थापना दिवस 26 नवम्बर 2025 को आगरा में धूम-धाम से मनाया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश पुलिस की स्थानीय इकाइयों के कार्यों एवं उपकरणों के सम्बन्ध में एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो, आगरा द्वारा श्री अमित राज, अपर राज्य रेडियो अधिकारी के नेतृत्व में भी प्रतिभाग किया गया तथा आगन्तुकों को संचार तकनीकी के विषय में जानकारी दी गयी। प्रदर्शित संचार उपकरण सभी के आकर्षण का केन्द्र रहे। स्थानीय उच्चाधिकारियों द्वारा पुलिस रेडियो स्टॉल की प्रशंसा की गयी।



न्यूज़ लेटर
उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

## 19वॉ भारत स्काउट्स एंड गाइड्स नेशनल जम्बूरी एट लखनऊ

● भारत स्काउट एवं गाइड की डायमंड जुबली जम्बूरी तथा 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी का आयोजन डिफेंस एक्सपो ग्राउन्ड, वृन्दावन योजना, सेक्टर-15, लखनऊ में दिनांक 23 से 29 नवम्बर, 2025 तक सम्पन्न हुआ। इस भव्य आयोजन में देश के सभी राज्यों से लगभग 30,000 स्काउट्स/गाइड्स एवं यूनिट लीडर्स तथा लगभग 1500 विदेशी स्काउट्स/गाइड्स ने प्रतिभाग किया। जम्बूरी हेतु उक्त स्थल को अस्थायी रूप से टेंट सिटी के रूप में विकसित किया गया। कार्यक्रम के दौरान वीवीआईपी/वीआईपी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा भी भ्रमण किया गया। जम्बूरी का उद्घाटन माननीय राज्यपाल, उत्तर प्रदेश द्वारा एवं समापन माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया। उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा जम्बूरी में प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभागियों को उत्तर प्रदेश पुलिस की विभिन्न इकाइयों की कार्यप्रणाली, नवीनतम तकनीकी उपकरणों, संसाधनों एवं उपलब्धियों से अवगत कराने हेतु एक संयुक्त प्रदर्शनी लगाई गयी। इस प्रदर्शनी द्वारा विशेष रूप से महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम, बाल शोषण (चाइल्ड एब्यूज) की रोकथाम, पीएसी एवं पुलिस के आधुनिक हथियार/उपकरण तथानए तीन कानूनों के संबध में व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया।

उक्त जम्बूरी में उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो शाखा हेतु श्री सुखवीर सिंह, अपर राज्य रेडियो अधिकारी (साइफर) को नोडल अधिकारी नामित किया गया। प्रदर्शनी में उ0प्र0 पुलिस रेडियो के नवीन संचार उपकरणों/सामग्री, वीडियो क्लिप्स, फोटोग्राफ्स, मॉडयूल, पम्पलेट आदि को प्रदर्शनी/स्टाल पर प्रदर्शित कराया गया। संचार उपकरणों के संबंध में आगंतुकों को संकेत शाखा, कार्यशाला तथा साइफर शाखा के कार्मिकों द्वारा विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

जम्बूरी के दौरान देश एवं विदेश से आए स्काउट्स/गाइड्स तथा अन्य विजिटर्स ने उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो इकाई द्वारा लगाए गए स्टाल पर विशेष रुचि प्रदर्शित की। पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा भी स्टाल का अवलोकन किया गया तथा प्रदर्शित नवीन तकनीकी उपकरणों के बारे में जानकारी ली गयी तथा प्रयासों की प्रशंसा की गई।






## विभागीय वार्षिक रिपोर्ट विषयक कार्यशाला

● महानिरीक्षक/निदेशक, पुलिस दूरसंचार, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या: सीए/निदेशक-15/2025 दिनांक 20.11.20.2025 द्वारा 05 जनवरी 2026 को पुलिस रेडियो की वार्षिक कार्य सम्पादन रिपोर्ट, विभागीय स्तर पर विकसित तकनीकी, विभागीय उपलब्धियों एवं विभागीय विजन आदि हेतु एक कार्यशाला का आयोजन हाईब्रिड मोड में किये जाने से सम्बन्धित सम्भावित विषयों/उत्तरदायित्व निर्धारित किये गये हैं। सम्यक विचारोपरान्त दिनांक 05.01.2026 को निर्धारित कार्यशाला हेतु बाहय जनपद से किसी भी अधिकारी/कर्मचारी को उ0प्र0 पुसिल रेडियो मुख्यालय नहीं बुलाया जायेगा। जनपदों के अधिकारी/कर्मचारी कार्यक्रम में ऑनलाइन प्रतिभाग करेंगे। उक्त कार्यशाला हेतु सौंपे गये उत्तरदायित्वों का निर्वहन उत्कृष्ट मानकों के अनुरूप कर एक मिसाल स्थापित किये जाने हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

## पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 का झण्डा दिवस के अवसर पर संदेश



**राजीव कृष्णा**
आई.पी.एस.

**पुलिस महानिदेशक,**
**उत्तर प्रदेश**
पुलिस मुख्यालय (सिग्नेचर बिल्डिंग)
गोमती नगर विस्तार, लखनऊ

दिनांक : नवम्बर 22, 2025

### सन्देश

प्रिय साथियों,

हम सभी अवगत हैं कि 23 नवम्बर, 1952 को तत्कालीन माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस को उसकी उत्कृष्ट कार्यकुशलता, अदम्य साहस तथा समर्पित सेवा के लिए **'पुलिस कलर'** अर्थात पुलिस ध्वज प्रदान किया गया था।

यह गौरव प्राप्त करने वाला उत्तर प्रदेश देश का प्रथम राज्य पुलिस बल है। पुलिस ध्वज दिवस केवल एक औपचारिक तिथि नहीं, बल्कि हमारी विरासत, हमारे अनुशासन और हमारे कर्तव्यबोध का जीवंत प्रतीक है, जो हर वर्ष हमें बेहतर से बेहतर सेवा करने की प्रेरणा देता है। हम ऐसे ध्वज को नमन कर रहे हैं, जो शौर्य से जन्मा, निष्ठा से पला, बलिदानों से सींचा गया है।

यह हमारी शौर्यगाथाओं की अमर धरोहर है, जो हमें हर क्षण अपने कर्तव्यों के प्रति सजग और समर्पित रहने की प्रेरणा देता है।

23 नवम्बर, उत्तर प्रदेश पुलिस के लिये गौरवशाली, ऐतिहासिक एवं अतिमहत्वपूर्ण दिन है। शक्ति एवं निष्ठा के प्रतीक, लाल एवं नीले रंग के ध्वज ने उत्तर प्रदेश पुलिस को एक गौरवमयी पहचान दी है।

पुलिस ध्वज के फहराने और उसके प्रति सम्मान प्रदर्शित करते समय हमें आत्माभिमान की अनुभूति होती है और हम सभी में कर्तव्यनिष्ठा की नई ऊर्जा संचरित होती है, जो हमें नये जोश और उत्साह के साथ कर्तव्यपालन के लिए प्रेरित करती है।

उत्तर प्रदेश पुलिस केवल एक बल ही नहीं है, बल्कि 25 करोड़ उत्तर प्रदेश वासियों का विश्वास है।

**माननीय मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश पुलिस ने –**

- कानून व्यवस्था को केवल बनाये रखने तक सीमित न रखकर, उसे एक सशक्त सामाजिक भरोसे में बदला है।
- जीरो टॉलरेंस नीति के साथ माफियाओं और संगठित अपराधियों का सफाया किया।
- ऑपरेशन कन्विक्शन के माध्यम से अपराधियों को कानून के शिकंजे में जकड़ा।
- ऑपरेशन त्रिनेत्र और ऑपरेशन पहचान के माध्यम से तकनीक को प्रहरी बनाकर अपराध पर प्रभावी नियंत्रण किया है।
- मिशन शक्ति से अपनी महिला शक्ति की सुरक्षा सुनिश्चित की।
- मिशन शक्ति केन्द्र, महिला सुरक्षा व उनकी सहायता से एकल केंद्र बनने की ओर अग्रसर है।
- UP 112, STF, ATS, ANTF जैसे विशेष बलों ने आधुनिक पुलिसिंग का एक नया अध्याय लिखा है।
- साइबर अपराध से लड़ाई को जहां एक ओर नं01930 के माध्यम से प्रत्येक नागरिक के हाथों तक पहुंचाया है, वहीं प्रत्येक थाने पर प्रशिक्षित पुलिस कर्मियों तथा awareness के माध्यम से इसे जनजागरण का अभिन्न अंग बनाया गया है।
- रोड दुर्घटना में जनहानि को 50% कम करने में बीड़ा उठाया है तथा योजनाबद्ध रुप से इस ओर कार्य शुरु किया है।
- प्रशिक्षणरत 60,000 पुलिस कर्मियों के जिलों व थानों पर पहुंचने से पूर्व ही, इस विशाल बल में उनकी उपयोगिता व नागरिकों को बेहतर सर्विस तथा पूरे बल के समर्पण को नई ऊंचाइयों पर पहुंचने के लिये अपने कदम बढ़ाये है।
- यह सिर्फ सुधार नहीं यह उत्तर प्रदेश पुलिस के पुनरुत्थान की कहानी है। मुझे गर्व है, अपने साथियों पर, अपने सहयोगियों पर, जिनके समर्थन, professionalism तथा कर्तव्यनिष्ठता के कारण से सभी प्रयोजन सिद्ध हो रहे हैं।

**आज इस ध्वज दिवस पर हम सभी पूरे विश्वास के साथ संकल्प लें कि–**

- उत्तर प्रदेश पुलिस को विश्व की सर्वश्रेष्ठ पुलिस बनाने के लिए हर दिन, हर पल हम पूरी ऊर्जा के साथ, पूरे विश्वास के साथ और पूरे professionalism के साथ न केवल लगातार आगे बढ़ते रहेंगे बल्कि अपने इस Goal को, इस ध्येय को प्राप्त करके ही दम लेंगे। हमारी इस यात्रा में उ0प्र0 पुलिस का ध्वज, हमारा पुलिस कलर एक ध्रुव तारे की तरह, हमारे इस अटल उद्देश्य को हमें हमेशा याद दिलाता रहेगा।

अंत में उ0प्र0 पुलिस में मेरे सभी साथियों व सहयोगियों को पुलिस झण्डा दिवस पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।

जय हिन्द!

**(राजीव कृष्णा)**
**पुलिस महानिदेशक,**
**उत्तर प्रदेश**

लेखन, सम्पादन एवं डिज़ाइन: श्री सत्य प्रकाश सिंह, महानिरीक्षक/निदेशक, पुलिस दूरसंचार, उ0प्र0
डिज़ाइन सहयोग: श्री अजय कुमार सोनकर, रेडियो उपनिरीक्षक